# सफलता की कहानी

| | |
|---|---|
| **योजना का नाम** | **1** डा0 वाई एस परमार किसान बागवान समृद्धि योजना<br>**2** मुख्यमन्त्री खेत संरक्षण योजना |
| **किसान का नाम व पता** | श्री महेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री प्रीतम चन्द गांव भुटलाड डा0 पथलियार त0 बडसर जिला हमीरपुर (हि 0 प्र 0) 98826-51562 |
| **योजना के अर्न्तगत अनुदानित राशि** | **1** डा0 वाई एस परमार किसान बागवान समृद्धि योजना – 12,97,389/-<br>**2** मुख्यमन्त्री खेत संरक्षण योजना **-** 1,69,183/- |

श्री महेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री प्रीतम चन्द गांव भुटलाड डा0 पथलियार त0 बडसर जिला हमीरपुर के स्थायी निवासी हैं। इनके पास **15** कनाल कृषि योग्य भूमि है। वर्ष **2017** से पहले वह परम्परागत तरीके से खेती करते थे।जिसमे वह गेंहू व मक्की की ही बिजाई करते थे। जिससे उनको बहुत ही कम वार्षिक आय प्राप्त होती थी।

फिर **2017** मे श्री महेन्द्र सिंह ने कृषि विभाग की डा0 वाई एस परमार किसान बागवान समृद्धि योजना के बारे में सुना और विभाग से संम्पर्क किया और कृषि विभाग विकास खण्ड बिझड़ी द्वारा इनको पॉलीहाउस में लगाई जाने वाली सब्जियों के बारे में जानकारी दी गई तथा पॉलीहाउस में किस तरह से खेती की जाती है। इसके बारे मे बताया और इससे आमदनी मे किस तरह से इजाफा होता है इसके बारे में समझाया। इससे प्रोत्त्साहित होकर श्री महेन्द्र सिंह ने **250** sqm के तीन पॉलीहाउस बनाने का निर्णय लिया और विभाग ने डा0 वाई एस परमार किसान बागवान समृद्धि योजना के अर्न्तगत इनके तीनों पॉलीहाउस को बनवाया ।

इसके बाद श्री महेन्द्र सिंह ने पॉलीहाउस मे टमाटर**,** शिमला मिर्च व खीरे का उत्त्पादन शुरू किया।श्री महेन्द्र सिंह के अनुसार जैसा की इन्होने विभाग को बताया कि अब मुझे इन पॉलीहाउस से प्रति वर्ष **5-6** लाख शुद्व आय प्राप्त होती है। श्री महेन्द्र सिंह ने पॉलीहाउस में तो सब्जियों का उत्त्पादन शुरू कर दिया था परन्तु पॉलीहाउस के अलावा इनकी जमीन थी वहां पर वो सब्जियों का उत्त्पादन नहीं कर पा रहे थे क्योंकि वहां पर जंगली जानवरो और आवारा पशुओ के द्वारा फसलो को बहुत नुकसान किया जाता था फिर इन्होने कृषि विभाग की मुख्यमन्त्री खेत संरक्षण योजना के अर्न्तगत सोलर फैनसिग लगवाने का निर्णय लिया और इसके लिए विभाग मे वर्ष **2018** मे आवेदन किया और विभाग ने वर्ष **2018** मे ही इनकी खेतो की सोलर फैनसिग

करवा दी। इसके बाद श्री महेन्द्र सिंह ने अपने खेतो पर सब्जियों का उत्त्पादन शुरू किया तथा **17** कनाल जमीन दूसरे किसानो से किराए पर लेकर मटर□गोभी□आलू□अदरक□मूली□शल्गम□ लहसुन□प्याज□अरबी का उत्त्पादन कर रहे हैं। जिससे उनको अब **5** लाख के आस पास शुद्व आय प्राप्त हो रही है। जितने क्षेत्र की इन्होने सोलर फैनसिग करवायी थी उसमे श्री महेन्द्र सिंह ने आडू के शाने□पंजाब के **40** पौधे और सेब के अन्ना किस्म के **60** पौधे भी लगाएं हैं। जिन्होने अब फल देना शुरू कर दिया है। जिसमे इनको **60□70** हजार प्रति वर्ष शुद्व आय आना शुरू हो गई है।

इस तरह से श्री महेन्द्र सिंह ने विभाग की योजनाओ का लाभ उठाकर अपनी आमदनी को बहुत बढ़ाया और अब वह अपने क्षेत्र मे एक उन्नत किसान वनकर उभरे हैं और वह कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा चलाई जा रही लाभकारी योजनाओ के लिए बहुत आभार व्यक्त करते है।

श्री महेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री प्रीतम चन्द गांव भुटलाड डा0 पथलियार त0 बडसर जिला हमीरपुर के प्रगतिशील किसान के छायाचित्र ।






+